# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2024—25

## हिन्दी

## कक्षा 12

समय घण्टे– 3 घण्टे | पूर्णांक– 80

निर्देश– इस प्रश्न–पत्र के दो खण्ड 'अ' और 'ब' हैं। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है, सभी के अंक उनके सामने दिए गए हैं।

खण्ड–'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कबीर जन्मजात प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। सिद्ध पुरुष के रूप में उनकी ख्याति शीघ्र फैल गई। वे जहाँ भी जाते, वहीं अनेक लोग उनके शिष्य हो जाते। हिन्दू–मुस्लिम दोनों धर्मो के लोग उनके शिष्य थे। उन्होंने समानता की दृष्टि रखकर बाह्याडम्बरों और रूढियों का खण्डन किया। इसके परिणामस्वरूप हिन्दू और मुसलमान दोनों ही जातियों के लोग उनके विरोधी हो गए। कहते है जिस समय सिकन्दर लोदी काशी आया तो मुल्लाओं और पण्डितों ने उससे कबीर की शिकायत की। इस पर सिकन्दर लोदी ने कबीर को सिपाही द्वारा बुलवा भेजा। सवेरे के बुलाए हुए कबीर शाम को पहुँचे। इसको देखकर बादशाह आगबबूला हो गया और उनसे पूछा कि इतनी देर से क्यों आए हो।

कबीर ने कहा कि मुझे एक अद्भुत आश्चर्य दिखाई दिया, जिसे आप भी देखते तो देखते ही रहते। उसने पूछा कि वह आश्चर्य क्या है? कबीर ने उत्तर दिया कि मैंने देखा कि सुई के छेद से हाथी, घोडे, ऊँट, पर्वत सब निकलते चले जा रहे हैं। बादशाह स्वयं उस दृश्य को देखने के लिए तैयार हुआ। तब कबीर ने बताया कि वह दृश्य आप यहीं देख सकते हैं। आपकी आँख की पुतली सुई के छेद के बराबर है परन्तु उससे आप हाथी, घोडे, ऊँट, वन, पर्वत सभी देख लेते है, सब उसमें समा जाते हैं। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं? कहते हैं कि कबीर की बातों से सिकन्दर लोदी बहुत प्रभावित हुआ और उनको प्रणाम करके छोड़ दिया।

(क) हिन्दु और मुसलमान दोनों ही जातियों के कुछ लोग कबीर के विरोधी क्यों हो गए थे? 2

(ख) सिकन्दर लोदी ने कबीर को क्यो बुलवा भेजा था? 2

(ग) कबीर ने सिकन्दर लोदी को देर से आने का क्या कारण बताया? 2

(घ) कबीर जन्मजात रूप से कैसे व्यक्ति थे? 1

(ड.) हिन्दु–मुस्लिम दोनों ने समानता की दृष्टि से किसका खण्डन किया? 1

(च) कबीर की बातों से कौन सबसे ज्यादा प्रभावित हुए? 1

(छ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए– 8

(क) मेरे जीवन के लक्ष्य

(ख) राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका

(ग) जीवन में परिश्रम का महत्व

Downloaded from www.cclchapter.com

(घ) प्राकृतिक आपदा और उत्तराखण्ड

3. निम्नलिखित प्रश्नखण्डों के सही उत्तर–विकल्प लिखिए– 1×5=5

(क) निम्न में से हिन्दी का दैनिक समाचार पत्र नहीं है–

(i) हिन्दुस्तान

(ii) इण्डिया टुडे

(iii) नवभारत टाइम्स

(iv) अमर उजाला

(ख) विश्व हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है–

(i) 14 सितम्बर

(ii) 10 जनवरी

(iii) 14 अक्टूबर

(iv) 10 सितम्बर

(ग) निम्न में से किसमें किसी संस्था, सभा, दल, विभाग, सरकारी, गैर–सरकारी, सामान्य अथवा विशेष आयोजन की तथ्यात्मक जानकारी किसमें प्रस्तुत की जाती है–

(i) फीचर

(ii) प्रतिवेदन

(iii) पीत पत्रकारिता

(iv) रेखाचित्र

(घ) पत्र–पत्रिकाएं किस प्रकार का संचार माध्यम है?

(i) प्रिण्ट माध्यम

(ii) दृश्य माध्यम

(iii) श्रव्य–माध्यम

(iv) इलेक्ट्रानिक माध्यम

(ङ.) एक सुव्यवस्थित, सृजनात्मक लेखन जिसमें सूचना, मनोरंजन और शिक्षा को महत्व दिया जाता है, निम्न में से क्या कहा जाता है–

(i) विशेष लेख

(ii) रिपोर्ट

(iii) फीचर

Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) . संस्मरण

4. 'बेटी बचाओं, बेटी पढाओं' विषय पर लगभग 150 शब्दों का एक आलेख लिखिए। 5

**अथवा**

अपने क्षेत्र में खेलकूद के लिए उपयुक्त सामान की व्यवस्था करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी **एक** पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(1) मै स्नेह–सुरा का पान किया करता हूँ,
मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूँ,
जग पूछ रहा उनको, जो जग की गाते,
मैं अपने मन का गान किया करता हूँ!

(क) स्नेह–सुरा का पान करने से कवि का क्या आशय है? 2

(ख) इन पंक्तियों के भावपक्ष को लिखिए। 2

(ग) उपर्युक्त पद्यांश के रचनाकार का नाम लिखिए। 1

(2) घन, भेरी–गर्जन से सजग सुप्त अंकुर
उर में पृथ्वी के, आशाओं से
नवजीवन की, ऊँचा कर सिर,
ताक रहे है, ऐ विप्लव के बादल!
फिर–फिर
बार–बार गर्जन
वर्षण है मूसलाधार,
हदय थाम लेता संसार,
सुन–सुन घोर व्रज–हुंकार।

(क) सुप्त अंकुर को बादल से क्या अपेक्षा है? 2

(ख) विप्लव के बादल का आवाह्न समाज का कौन सा वर्ग सर्वाधिक करता है और क्यों?
2

(ग) उपर्युक्त काव्यांश के रचनाकार का नाम बताइए। 1

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढकर उसका भाव–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए– 2

Downloaded from www.cclchapter.com

जथा पंख बिनु खग अति दीना।
मनि बिनु फनि करिबर कर हीना।।
अस सम जिवन बंधु बिनु तोही।
ज्यौं जड दैव जिआवै मोही।।
जैहऊँ अवध कवन मुहुँ लाई।
नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2×2=4

(क) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता में कवि क्या संदेश देना चाहते है?

(ख) कविता के संदर्भ में 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते है?

(ग) 'विप्लव–रव से छोटे ही है शोभा पाते पंक्ति में विप्लव–रव से' क्या तात्पर्य है? छोटे ही है शोभा पाते ऐसा क्यों कहा गया है?

8. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2×3=6

(1) हम आज देश के लिए करते क्या है? मांगे हर क्षेत्र में बडी–बडी है, पर त्याग का कहीं नाम–निशान नहीं है। अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है। हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बाते करते है, पर क्या कभी हमने जांचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे है? काले मेघा दल के दल उमड़ते है, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते है? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति?

(क) 'हम आज देश के लिए करते क्या है?' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) काले मेघा किसके प्रतीक है?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक व पाठ का नाम लिखिए।

(2) मेरा आदर्श–समाज स्वतन्त्रता, समानता, भ्रातृता पर आधारित होगा। क्या यह ठीक नहीं है, भ्रातृता अर्थात् भाईचारे में किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? किसी भी आदर्श–समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबकों उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध सम्पर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए। तात्पर्य यह है कि दूध–पानी के मिश्रण की तरह भाईचारे का यही वास्तविक रूप है।
(क) लेखक के अनुसार आदर्श समाज का आधार क्या है?
(ख) दूध–पानी के मिश्रण से क्या आशय है?
(ग) उपर्युक्त गद्यांश पाठय पुस्तक के किस पाठ से लिया गया है? उस पाठ के लेखक का नाम भी बताइए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2×2=4
(क) 'बाजारूपन' से क्या तात्पर्य है? किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थकता प्रदान करते है अथवा बाजार की सार्थकता किसमें है?
(ख) इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय क्यों बोलती है? नदियों का भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक, परिवेश में क्या महत्व है?
(ग) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत(संन्यासी) की तरह क्यों माना है?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1×3=3
(क) 'सिल्वर वैडिंग' शीर्षक कहानी के संदेश को व्यक्त कीजिये।

Downloaded from www.cclchapter.com

(ख) 'जूझ' पाठ के आधार पर बताइये कि कथानायक के व्यक्तित्व पर सर्वाधिक प्रभाव किसका पड़ा और किस रूप में?
(ग) मुअनजोदडो के खंडहरों को देखकर लेखक को किस गांव की याद आती है, और क्यों?
(घ) सिल्वर वैडिंग का क्या अर्थ है? इस पाठ में किसकी सिल्वर वैडिंग की बात चल रही है?

11. सिन्धु घाटी सभ्यता मूलतः कृषि प्रधान सभ्यता थी 'अतीत में दबे पाँव' शीर्षक लेख के आधार पर उक्त कथन पर प्रकाश डालिए। 4

अथवा

'जूझ' के कथानायक की ओर संकेत करते हुए इस उपन्यास अंश की कथावस्तु का विवेचन कीजिए।

## खण्ड ब

12. निम्नलिखितं गद्यांश पठित्वा केवलं **त्रीन्** प्रश्नान् संस्कृतभाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत– 1×3=3
(निम्नलिखित गद्यांश को पढकर केवल **तीन** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्यों में दीजिए)

अथ कदाचित् मण्डूककुलेन काचित् स्पर्धा आयोजिता। यः समुच्चस्य स्तम्भस्य शिखरं सर्वादौ प्राप्नुयात् सः विजयी भवेत् इति सर्वैः मण्डूकैः निर्णीतम्। स्पार्धायां भागं ग्रहीतुं बहवः मण्डूकाः अग्रे आगतवन्त। स्पर्धा द्रष्टुं तु असङ्ख्यकाः मण्डूकाः तत्र सम्मिलिताः। स्पर्धा आरब्धा। मण्डूकाः स्तम्भस्य आरोहणम् आरब्धवन्तः। प्रेक्षकाः मण्डूकाः करताडेन, 'अरे, अहो, हो' इत्यादिभिः शब्दैः च स्पर्धार्थिनः प्रोत्साहितवन्तः।

(क) स्पर्धा केन आयोजिता?
(ख) सर्वैः मण्डूकैः किं निर्णीतम्?
(ग) मण्डूकाः किं आरब्धवन्तः?
(घ) प्रेक्षकाः मण्डूकाः करताडेन किम् अकरोत्?

13. अधोलिखितम श्लोंक पठित्वा केवलं **त्रीन** प्रश्नान् संस्कृतभाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत– 1×3=3
(निम्नलिखित श्लोक को पढकर केवल **तीन** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्यों में दीजिए)

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते।।

(क) 'पश्चात्' इत्यर्थे प्रयुक्तं पदं अत्र किम्?
(ख) पण्डितस्य किम् एव जानन्ति?
(ग) कस्य कृत्यं मन्त्रं वा मन्त्रितं परे न जानन्ति?

14. निम्नलिखितभ्यः प्रश्नेभ्यः केवलं **चत्वारि** प्रश्नान् संस्कृतभाषायां पूर्णवाक्येन उत्तरत– 2×4=8
(निम्नलिखित प्रश्नों में से केवल **चार** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत के पूर्ण वाक्यों में दीजिए)

(क) का सदैव कटुवचनं वदति?
(ख) दीपप्रज्वालनस्य व्यवस्थां के करिष्यन्ति?
(ग) मण्डूकस्य साफल्यस्य कारणं किम् आसीत्?
(घ) गोविन्दबल्लभपन्तः कः आसीत्?
(ड.) वृक्षाणाम् अचैतन्यं कथं नास्ति?
(च) जलप्रलये किं किं बभूव?

15. निम्नलिखित शब्दसूचीतः त्रीन् शब्दान् चित्वा तेषां वाक्यप्रयोगं संस्कृतभाषायां कुरूत– 1×3=3
(निम्नलिखित शब्दों में से तीन शब्दों को चुनकर उनका संस्कृत में वाक्य–प्रयोग कीजिए)

| |
|---|
| शब्दसूची– असत्यं, पठामि, लघुकायः, परितः, विद्यालस्य, वृक्षाणाम् |

16. अधोलिखितानां प्रश्नान् यथानिर्देशम् उत्तरत– ½×6=3
(निम्नलिखित प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।)

(क) गुरु छात्राय पुस्तकं ददाति' अत्र छात्राय पदे कारकः अस्ति–
( गुरु छात्राय पुस्तकं ददाति' यहाँ छात्राय पद में कारक है)

(i) कर्म कारक
(ii) सम्प्रदान कारक

Downloaded from www.cclchapter.com

(iii) अपादान कारक

(iv) उपर्युक्तेषु कश्चन अपि नास्ति

(ख) 'अष्टाध्यायी' शब्दे कः समास अस्ति–
('अष्टाध्यायी' शब्द में कौन सा समास है)

(i) द्वन्द्व समास

(ii) अव्ययीभाव समास

(iii) द्विगु समास

(iv) उपर्युक्तेषु कश्चन अपि नास्ति

(ग) 'लिख्' धातोः लड्.लकारस्य उत्तम पुरूषस्य बहुवचनस्य रूपं लिखत–
('लिख्' धातु का लड्.लकार, उत्तमपुरूष, बहुवचन में रूप है–)

(i) अलिखामः

(ii) लिखामः

(iii) अलिखत्

(iv) उपर्युक्तेषु कश्चन अपि नास्ति

(घ) 'लता' शब्दस्य षष्ठी विभक्ति एकवचनस्य रूपं लिखत–
('लता' शब्द का षष्ठी विभक्ति, एकवचन में रूप है–)

(i) लते

(ii) लतायाः

(iii) लताम्

(iv) उपर्युक्तेषु कश्चन अपि नास्ति

(ड.) बालकोऽपि पदे सन्धि विच्छेदः अस्ति
(बालकोऽपि पद में सन्धि विच्छेद है)

(i) बालकः+अपि

(ii) बालक+अपि

(iii) बालको+ऽपि

(iv) उपर्युक्तेषु कश्चन अपि नास्ति

(च) निः+फलम् इति विग्रहे सन्धि अस्ति–
(निः+फलम् इस विग्रह में सन्धि है–)

(i) निष्फलम्

(ii) निस्फलम्

(iii) निश्फलम्

(iv) उपर्युक्तेषु कश्चन अपि नास्ति

17. अस्मिन् प्रश्नपत्रे आगतं श्लोकं विहाय कमपि एकं कण्ठस्थं श्लोकं लिखित्वा तस्य हिन्दीभाषायां अनुवादं करुत। $2 \times 2 = 4$

(इस प्रश्न–पत्र में आए हुए श्लोक से अतिरिक्त कोई एक कण्ठस्थ श्लोक लिखकर उसका हिन्दी में अनुवाद कीजिए।)

Downloaded from www.cclchapter.com

Downloaded from www.cclchapter.com